आकाशवाणी शिमला

07.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

जनऔषधि दिवस

केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज बिलासपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स में कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार 2027 तक 25 हजार जनऔषधि केन्द्र खोलेगी जिसमें लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और किफायती बनाने के लिए केन्द्र सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि एम्स बिलासपुर को एक विश्व स्तरीय चिकित्सा संस्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है।

बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से 28 मार्च तक शिमला में आयोजित होगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज शिमला में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सत्र के दौरान कुल 16 बैठकें होंगी। उन्होंने कहा कि बजट सत्र 10 मार्च को दोपहर बाद 2 बजे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 17 मार्च को वित्त वर्ष 2025–26 का बजट सदन में पेश करेंगे और 26 मार्च को बजट पारित किया जाएगा।

कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि 28 मार्च तक चलने वाले बजट सत्र के लिए 9 सौ 63 सवाल सदस्यों से मिले हैं जिनमें 7 सौ 37 तारांकित और 2 सौ 26 अतारांकित प्रश्न हैं।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश के 6 जिलों में 10 ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के लिए आरआईडीएफ के तहत एक सौ 9 करोड़ 3 लाख रुपये की धनराशि को स्वीकृति प्रदान की गई। शिमला में आज परियोजना आंतरिक स्वीकृति समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क और परिवहन सुविधाएं प्रदान करने में सहायक साबित होंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग लाभान्वित होंगे। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य का समग्र विकास सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रही है।

महिला दिवस

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महिला दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह कल कांगड़ा जिला के शाहपुर में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू समारोह की अध्यक्षता करेंगे और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य

करने वाली महिलाओं को सम्मानित करेंगे। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं और महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। चम्बा कढ़ाई के जरिए चम्बा रूमाल को नई बुलंदियों तक पहुंचाने वाली जिले की हस्तशिल्पी पदमश्री ललिता वकील हर महिला के लिए प्रेरणास्रोत बनी हैं। जिले के चौंतड़ा मोहल्ला की निवासी ललिता वकील पिछले करीब 50 वर्षों से चम्बा कढ़ाई की कला से जुड़ी हुई हैं। उन्हें पदमश्री, राष्ट्रीय पुरस्कार, शिल्पगुरू और नारी शक्ति पुरस्कार से भी नवाज़ा जा चुका है। ललिता वकील ने बताया कि वे इस कला को बहुत आगे तक ले जाना चाहती हैं और आगे भी उनके ये प्रयास जारी रहेंगे।

विनाक्षी

वहीं किन्नौर जिले से संबंध रखने वाली मुक्केबाज विनाक्षी ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में स्वर्ण व रजत पदक जीत कर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने उत्तराखण्ड के पिथौरागढ़ में हाल ही में आयोजित 38वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जबकि सितम्बर 2024 में बोसनिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मैडल हासिल किया।

———————————